दिनांक–26 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- इस्राइल की संसद में ''स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल'' से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने दुहरायी आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दो दिवसीय जापान दौरे के पहले दिन उत्तर प्रदेश को मिले 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव। मुख्यमंत्री ने टोक्यो में किया भव्य रोड शो।
- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अयोध्या में श्री रामलला और हनुमान गढ़ी में किया दर्शन पूजन। किसानों की समृद्धि को बताया सरकार का संकल्प।
- किसानों को ऋण सुविधा देने के लिए किसान पहचान पत्र जारी करेगी सरकार।

**********

इस्राइल की संसद नेसेट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कल स्पीकर ऑफ द नेसेट मेडल से सम्मानित किया गया। यह नेसेट का सबसे बड़ा सम्मान है और प्रधानमंत्री मोदी यह मेडल पाने वाले पहले व्यक्ति हैं। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिबद्धता दुहरायी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के लिए हमारी जीरो टॉलरेंस की एक जैसी और बिना किसी समझौते वाली पॉलिसी है, जिसमें कोई डबल स्टैंडर्ड नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह भारत के लोगों की तरफ से हर उस जान के लिए गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं जो सात अक्टूबर को हमास के भयानक आतंकी हमले में चली गई।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद कल दो दिवसीय दौरे पर जापान पहुंचे। दौरे के पहले दिन मुख्यमंत्री ने जापान की प्रमुख कंपनियों के अधिकारियों के साथ मुलाकात की। इस दौरान अलग–अलग कंपनियों के साथ लगभग ग्यारह हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे अलग–अलग क्षेत्रों से जुड़े हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिन कंपनियों के साथ समझौते संपन्न हुए उनमें कुबोटा कॉर्पोरेशन, मिंडा कॉर्पोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, फुजी जापानी जेवी और फुजी सिल्वरटेक कंक्रीट प्राइवेट लिमिटेड प्रमुख तौर पर शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने टोक्यो में आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो में भी हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है।

**उत्तर प्रदेश में आपका निवेश इसलिए भी सुरक्षित है क्योंकि उत्तर प्रदेश में एक सुरक्षित वातावरण है, स्केल है तो उस स्केल को स्किल में बदलने की सामर्थ्य भी है, स्टेबिलिटी है, स्पीड है, यह सभी कुछ आपको उत्तर प्रदेश के अंदर देखने को मिलेगा।**

भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंधों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा भगवान राम और भगवान बुद्ध का संबंध सूर्यवंश से था, जिसका जुड़ाव जापान से भी है।

**उत्तर प्रदेश के अंदर स्पिरिचुअल टूरिज्म को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट के साथ–साथ बौद्ध सर्किट के कार्यक्रम को सफलतापूर्वक हमारी सरकार उत्तर प्रदेश के अंदर प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। जब भगवान राम की बात होगी, भगवान बुद्ध की बात होगी तो स्वाभाविक रूप से इन दोनों का संबंध सूर्य वंश की उस महान परंपरा से है जिस सूर्य की प्रथम किरण का उदय होने का इंतजार हमेशा जापान वासियों को होता है।**

मुख्यमंत्री ने कल जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी से मुलाकात की और भारत–जापान के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने को लेकर चर्चा की। टोक्यो में मुख्यमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों के साथ संवाद भी किया।

**********

उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने इटावा स्थित सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इटावा में हाईवे पर दुर्घटनाओं के कारण मरीजों को अस्पताल तक लाने में दिक्कत होती है। इसलिए हाईवे पर ही एक बड़ा ट्रामा सेंटर बनेगा, जिसका संचालन सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा किया जाएगा।

**इटावा और आस–पास जनपदों के सभी मरीजों को बेहतर क्वालिटी हेल्थ सर्विसेज यहां मिले उसको सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा हाईवे पर बड़ी संख्या में दुर्घटनाओं के कारण मरीजों को यहां आना पड़ता है। तो आज हमने तय किया है और हमने घोषणा भी की है कि हाईवे पर एक बड़ा ट्रामा सेंटर बनेगा जिसको सैफई आयुर्वेद संस्थान चलाएगा और उसके लिए प्रस्ताव मांग लिया है। इसको शीघ्र से शीघ्र स्वीकृत किया जाए।**

**********

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कल अयोध्या में श्री रामलला और हनुमान गढ़ी में हनुमान जी का दर्शन पूजन किया। केंद्रीय मंत्री ने कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा भी किया। मीडिया से बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि असली नीतियां खेतों के साथ–साथ किसानों के बीच बनती हैं। नई बीज किस्मों, इंटरक्रॉपिंग और एकीकृत खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अन्नदाता की समृद्धि ही सरकार का संकल्प है।

**केवल गेहूं या धान या गन्ने की अकेले खेती ना करें। उसके साथ फल, सब्जियां, फूल, औषधि खेती अलग–अलग तरह के कई काम करें तो किसानों की आय बढ़ती है। हमारा उद्देश्य है देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना, पोषण युक्त आहार सबको मिले और किसान की आमदनी बढ़े। यहां लगातार योगी जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सरकार भी बहुत बेहतर काम कर रही है।**

**********

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए शीघ्र ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है। कृषि मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को लगभग एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं। श्री सिंह ने एआई संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में जानकारी दी।

**भारत विस्तार ऐसा एआई प्लेटफॉर्म है कि जिस पर किसान को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। उसके ऊपर आईटी एक्सपर्ट नहीं होता कि डाऊन करो कि लोड करो उसको सीधे वो मोबाइल पर सवाल पूछे और उसका जवाब मिल जाए, तो ये भारत विस्तार एआई प्लेटफार्म हमने लॉन्च किया है। अब इसको बाकी भाषाओं में भी हम परफैक्ट करके उसमें हर तरह की जानकारी जाएगी।**

**********

लखनऊ में जनगणना कार्यों के संबंध में कल एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रदेश की जनगणना कार्य निदेशक शीतल वर्मा और नगर निकाय के निदेशक अनुज झा ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में प्रदेश के सभी नगर निगमों के नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त एवं जोनल अधिकारी शामिल हुए।

**********

मथुरा के बरसाना में कल लट्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। राधारानी रुपी गोपियों ने नंदगाँव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाईं। बरसाना की इस अनोखी लट्ठमार होली को देखने के लिए देश–विदेश के श्रद्धालु पहुंचे थे। एक रिपोर्ट–

**समूचे ब्रज मंडल में होली का उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। प्राचीन परंपरा के तहत लट्ठमार होली खेली गई। बरसाना में राधा रुपी गोपियों ने नंदगाँव के कृष्ण रुपी हुरियारे पर लाठियां बरसाईं, जिसका बचाव हुरियारों ने अपने साथ लाई ढाल से किया। इस दौरान होली गीत भी गाए जाते है। ब्रज में चालीस दिन तक चलने वाले होली उत्सव में लट्ठमार होली का विशेष महत्व है। मो0 उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार, मथुरा।**

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में कल मनाई जाने वाली रंगभरी एकादशी को लेकर विशेष तैयारियां की गई है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इस वर्ष आयोजन में कई परिवर्तन किये गये हैं। उन्होंने बताया कि इस बार शिवार्चनम मंच पर कार्यक्रमों के दौरान अबीर–गुलाल के स्थान पर फूलों की होली आयोजित की जायेगी।

**********

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान के इस सप्ताह के दौरान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। विभाग के मुताबिक आगामी तीन मार्च तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

**********